उत्तर पश्चिम रेलवे

प्रधान कार्यालय,
जयपुर

पत्र संख्या–110E/S&T/Upgradation/S&T Deptt

दिनांक 09.01.2026

**अधिसूचना**

विषयः संकेत एवं दूरसंचार विभाग प्रधान कार्यालय में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (संकेत) पे मैट्रिक्स लेवल 07 के 02 रिक्त एक्स कैडर पदों को प्रतिनियुक्ती आधार पर भरने के क्रम में।

---

संकेत एवं दूरसंचार विभाग प्रधान कार्यालय में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (संकेत) पे मैट्रिक्स लेवल 07 के 02 रिक्त एक्स कैडर पदों को टैन्योर/ प्रतिनियुक्ति आधार पर भरा जाना प्रस्तावित है। इसके लिए निम्नलिखित शर्ते होंगी।

1 वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (संकेत) पे मैट्रिक्स लेवल 07 के रिक्त पदों को प्रतिनियुक्ति पर भरने के लिए इस रेलवे के मण्डलों के संकेत एवं दूरसंचार विभाग में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (संकेत) पे मैट्रिक्स लेवल 07 के पद पर नियमित रूप से कार्यरत कर्मचारी पात्र होंगे।

2 प्रतिनियुक्ति पर चयनित कर्मचारी की वरीयता एवं लियन उनके अपने पैतृक मंडल में यथावत रहेगा।

3. इन पदो के लिए टैन्योर अवधि (कार्यकाल) अधिकतम 03+1+1=05 वर्ष का होगा तथा कार्य संतोष जनक नहीं होने की स्थिति में कर्मचारी को समय से पहले पैतृक मंडल/यूनिट में वापिस किया जा सकता है परन्तु प्रतिनियुिक्ति की अवधि अधिकतम सीमा 05 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

4. इन पदों पर बने रहने के लिए कोई कर्मचारी अपना दावा नहीं कर सकता है। कर्मचारी का चयन होने पर संकेत एवं दूरसंचार विभाग, प्रधान कार्यालय में पदस्थ होने पर उसे स्थानान्तरण पर मिलने वाले सभी सुविधाए देय होगी।

5 संकेत एवं दूरसंचार विभाग, प्रधान कार्यालय, जयपुर के उपरोक्त पद के लिए प्रतिनियुक्ति पर चयनित होने वाले कर्मचारियों को कोई प्रतिनियुक्ति भत्ता देय नहीं होगा।

6 निर्धारित शर्ते रखने वाले कर्मचारी अपना आवेदन निर्धारित प्रोफॉर्मा में (जो सभी तरह से पूर्ण हो) संबंधित विभाग/यूनिट के माध्यम से दिनांक 09.02.2026 तक सम्बधित मण्डल /यूनिट के कार्मिक विभाग को प्रस्तुत करगें।

7. पात्र पाये कर्मचारियों की उपयुक्तता का ऑकलन गोपनीय रिपोर्ट, सेवापंजिका एवं कम्प्युटर दक्षता के आधार पर कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (JAG) की नामित कमेटी द्वारा किया जायेगा।

8. वांछनीय पात्रता नहीं रखने वाले कर्मचारियो के आवेदन प्रधान कार्यालय को अग्रेषित नहीं करना है।

9. इस कार्यालय में बिना उचित माध्यम के व सीधे प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

10. इस कार्यालय द्वारा जारी पीएस संख्या 80/2015 जो कर्मचारी वर्तमान में प्रधान कार्यालय में या अन्य संवर्ग में किसी भी पद पर प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत है उन्हें मूल संवर्ग में 01 वर्ष की कूलिंग अवधि पूर्ण करने पर ही पात्र माना जायेगा।

11. चूंकि उपरोक्त पद प्रतिनियुक्ति आधार पर भरे जा रहे है, इसलिए उपरोक्त पदों के चयन हेतु आरक्षण लागु नहीं होगा।

APO E&M
9.1.2026

Contd..2..

www.nwreu.org

12. यदि कोई कर्मचारी आवेदन करता है और वह उस पद के लिए चयनित होता है तो उसकी अनिच्छा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जायेगी।

13. कमेटी द्वारा स्क्रीनिंग के दौरान निम्न मापदण्ड द्वारा चयन कराया जायेगा कर्मचारी की पिछली तीन वर्ष की गोपनीय रिपोर्ट एवं सेवा रिकार्ड का ऑकलन के 15 अंक होंगे।

14. इस अधिसूचना का अपने मंडल/यूनिट पर अधिक से अधिक प्रचार/प्रसार किया जाये और सभी पात्र कर्मचारियों को नोट करवाया जायें।

15. सम्बन्धित मण्डल/यूनिट का कार्मिक विभाग पात्र कर्मचारियों के निर्धारित प्रोफोर्मा का आवेदन, सेवा पंजिका एवं वर्ष 2022–2023, 2023–2024 एवं 2024–2025 की गोपनीय रिपोर्ट की सत्यापित छाया प्रति एवं पात्र कर्मचारियों के विरूद्व वर्तमान में कोई डीएण्डएआर, विजीलेंस/एसपीई का कोई मामला लम्बित नहीं हैं साथ ही वर्तमान में कोई पैनल्टी चलने मे नहीं है के प्रमाण पत्र के साथ इस कार्यालय को दिनांक 13.02.2026 तक पत्रवाहक के साथ भेजा जाना सुनिश्चित करे।

16. कर्मचारी के आवेदन में वर्णित सेवा विवरण,का सत्यापन संबंधित कार्मिक अधिकारी द्वारा कर्मचारी की सेवापंजिका से किया जाये।

सभी वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी एवं यूनिट इंचार्ज पात्र कर्मचारियो के आवेदन विशेष पत्रवाहक के माध्यम से सहायक कार्मिक अधिकारी/ईएण्डएम, प्रधान कार्यालय, उ.प.रे., जयपुर को दिनांक 13.02.2026 तक भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

इसे सक्षम अधिकारी का अनुमोदन प्राप्त है।

संलग्नः– आवेदन पत्र का प्रारुप अनुलग्नक–क

9-1-2026

(धर्म सिंह मीना)
सहा. कार्मिक अधि./ईएण्डएम
कृतेः महाप्रबन्धक (कार्मिक)

प्रतिलिपिः–

1.प्रमुख मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर उ.प.रे., जयपुर।
2.मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) प्रका उपरे
3.मण्डल रेल प्रबन्धक, अजमेर, बीकानेर, जयपुर एवं जोधपुर।
4.वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अजमेर, बीकानेर, जयपुर एवं जोधपुर।
5.वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर अजमेर, बीकानेर, जयपुर एवं जोधपुर।
6.महासचिव–यूपीआरएमएस, एनडब्ल्यूआरईयू उ.प.रे., जयपुर।
7.जोनल सचिव– एससी/एसटी/ओबीसी एशो., उ.प.रे., जयपुर।

www.nwreu.org

सेवामें,

अनुलग्नक--क

महाप्रबन्धक / कार्मिक,
उत्तर पश्चिम रेलवे,जयपुर।

विषयः--संकेत एवं दूरसंचार विभाग प्रधान कार्यालय में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता / संकेत पे मैट्रिक्स लेवल 07 के कुल 02 रिक्त एक्स कैडर पदों को प्रतिनियुक्ती आधार पर भरने के क्रम में।

संदर्भः--महाप्रबंधक (कार्मिक),प्रका.जयपुर का पत्र संख्या--110 E/S&T/Upgradation/S&T Deptt. दिनांक 09.01.2026

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कर्मचारी का नाम | |
| 02 | पिता का नाम | |
| 03 | वर्तमान नियमित पदनाम | |
| 04 | वर्तमान नियमित वेतन / पे मैट्रिक्स लेवल | |
| 05 | विभाग | |
| 06 | मण्डल कार्यस्थल / स्टेशन | |
| 07 | जन्म तिथि | |
| 08 | रेल सेवा में नियमित नियुक्ति तिथि पदनाम एवं लेवल | |
| 09 | वर्तमान / पे मैट्रिक्स लेवल (केवल नियमित) | |
| 10 | डीएण्डआर / विजिलेंस / एसपीई मामला | |
| 11 | क्या अ.जा. / अ.ज.जा. समुदाय से है। | |
| 12 | शैक्षणिक योग्यता | |
| 13 | संकत एवं दूरसंचार विभाग में कार्य का अनुभव | |
| 14 | ग्रुप सी में 03 वर्ष रेल सेवा का अनुभव | |
| 15 | स्नातक उपाधि की सत्यापित छांयाप्रति संलग्न करे। | |
| 16 | मोबाईल नम्बर | |
| 17 | कर्मचारी की एचआरएमएस आई--डी | |
| 18 | कनिष्ठ अभियंता / टेली पे मैट्रिक्स लेवल 07 में कार्य का अनुभव (....वर्ष ..माह ...दिन) | |
| 19 | आईपास आई डी | |
| 20 | ईमेल आई डी | |

मुझे यह मंजूर है कि वरिष्ठ अनुभाग अभियंता / संकेत पे मैट्रिक्स लेवल 07 के कुल 02 रिक्त एक्स कॉडर पद पर प्रतिनियुक्ति आधार पर उपयुक्तता सूची में चयनित हो जाने के बाद मैं अपने मूल विभाग में 03+01+01 वर्ष पश्चात् नियमानुसार जाने को तैयार रहूँगा / रहूँगी तथा आगामी पदोन्नति अपने मूल विभाग / संवर्ग में ही लेता रहूँगा /

मैं प्रमाणित करता हूँ / करती हूँ कि उपरोक्त सूचना मेरे संज्ञान से सही एवं सत्य है, यदि कोई तथ्य गलत पाये जाते है तो प्रशासन मेरे विरूद्व रेल सेवा आचरण नियम 1966 के पैरा 3.1 की अनुपालना नहीं करने पर अनुशासन एवं अपील नियम के अन्तर्गत दण्ड देने का अधिकारी है।

कर्मचारी के हस्ताक्षर
नाम
पदनाम
कार्यस्थल

प्रभारी के हस्ताक्षर
पदनाम, दिनांक सहित

सं. ..................................................................................................दिनांक........................महाप्रबन्धक / कार्मिक, प्र.का., उ.प.रे., जयपुर को अग्रेषित कर यह प्रमाणित किया जाता है कि कर्मचारी द्वारा दिये गये उपरोक्त विवरण को सेवा पंजिका से सत्यापित किये गये है एवं सम्पूर्ण विवरण सही है।

हस्ताक्षर कार्मिक अधिकारी
पदनाम, कार्यालय, मोहर मय दिनांक